(c) Maruti Udyog Ltd. started exporting vehicles in 1987. The year-wise exports are indicated below:—

| | |
|---|---|
| 1986-87 | 102 Nos. |
| 1987-88 | 713 Nos. |
| 1988-89 | 1408 Nos. |
| 1989-90 | 5223 Nos. |
| 1990-91 (Anticipated) | Between 6000-7000 Nos. |

**जम्मू और कश्मीर में कर्मचारियों द्वारा हड़ताल**

570. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जम्मू और कश्मीर में सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के हड़ताल पर जाने के क्या कारण थे ;

(ख) इस हड़ताल में कितने अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया ;

(ग) हड़ताल बंद करने के क्या कारण थे और उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या हड़ताल कर्ता हड़ताल की अवधि का वेतन पाने के पात्र होंगे; यदि हां, तो सरकार को इस पर कुल कितना व्यय वहन करना पड़ेगा ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) :** (क) से (घ) बड़ी संख्या में राज्य सरकार के कर्मचारी कुछ व्यक्तियों के गिरफ्तार किये जाने, श्रीनगर से टी एoडीoए न्यायालय के स्थानान्तरित किये जाने पहले की गई दो हड़तालों के लिये सभी का आठ दिन का वेतन काटे जाने और पांच वरिष्ठ अधिकारियों को बर्खास्त किये जाने के विरोध को लेकर 16 सितम्बर से अनिश्चित हड़ताल पर थे । हड़ताल कर रहे कर्मचारियों के साथ हुये एक समझौते जिसके कारण हड़ताल समाप्त हुई की मुख्य मांगें निम्न प्रकार थी :

(1) श्रीनगर के टी एoडीoएo न्यायालय नियमित आधार पर कार्य करेंगे ।

(2) गिरफ्तार किये गये सरकारी कर्मचारियों, जिसमें डाक्टर गुरू भी शामिल हैं, के मामलों की संवीक्षा की जायेगी और इस बारे में जल्द ही एक निर्णय लिया जायेगा ।

(3) यह निर्णय लिया गया है कि इन पांच अधिकारियों की सेवा समाप्त करने के आदेशों को वापस लेने के लिये कार्रवाई शुरू की जायेगी ।

(4) प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया गया था कि जो कर्मचारी कार्यालय में अनुपस्थित थे उनके खिलाफ बदले की भावना से कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी तथा वेतन/भत्ते दिये जाने के लिये इस अनुपस्थिति की अवधि को उचित रूप से नियमित किया जायेगा ।

इस बारे में सरकार द्वारा इस पर किये गये कुल खर्चे के बारे में राज्य सरकार ने कोई सूचना नहीं दी है ।

**Prohibition of child labour in hazardous industries**

571. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:

SHRI MAHENDRA PRASAD:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state: